# UGC-NET PAPER-1 (General Paper) SHIFT-2 (12-NOV-2020)

1. निम्नलिखित कथनों में अवबोध स्तर पर शिक्षण की विशेषताओं तथा मूलभूत आवश्यकताओं से सम्बन्धित तथ्यों की पहचान कीजिए

1. शिक्षण तथ्यों और सूचना के सस्वरपठन पर बल देता है।

2. शिक्षण तथ्यों और सूचनाओं के मध्य सम्बन्धों को देखने को बढ़ावा देने की एक गतिविधि है।

3. शिक्षक अपेक्षा करता है कि विद्यार्थी अपने शब्दों में अभिप्राय का रूपान्तरण और निर्वचन करने में सक्षम हो सके।

4. शिक्षक प्रस्तुत तथ्यों के पुनः स्मरण और अभिज्ञान पर बल देता है।

5. शिक्षक मुख्य विचार को स्पष्ट करने के लिए बड़ी संख्या में उदाहरण देता है।

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें

(A) 1, 2 और 3

(B) 3, 4 और 5

(C) 1, 4 और 5

(D) 2, 3 और 5

2. नीचे दो सेट दिए गए हैं, सेट I में अधिगमकर्ता की विशेषताओं के प्रकार दिए गए हैं और सेट II में उनकी व्याख्या दी गई है। दोनों सेटों का सुमेलन कीजिए

| सेट I (अधिगमकर्ता की विशेषताओं के प्रकार) | सेट II (व्याख्या) |
|---|---|
| A. अकादमिक विशेषताएँ | 1. अधिगमकर्ता सम्बन्धित संदेशों का सही में संकेतन और विसंकेतन करता है। |
| B. सामाजिक विशेषताएँ | 2. अधिगमकर्ता आवश्यकता पड़ने पर अपने पाठ्यक्रम में विभिन्न कथ्यों का चयन करता है। |
| C. भावनात्मक विशेषताएं | 3 अधिगमकर्ता समकक्षियों के टीम मेम्बर |

| | |
|---|---|
| | के रूप में कार्य करता है। |
| D. संज्ञानात्मक विशेषताएँ | 4. अधिगमकर्ता अपनी कक्षा के सदस्यों की पसंद और नापसंद की दृष्टि से व्यक्तिगत मतभेदों को सम्मान देना शुरू कर देता है। |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें

A B C D

(A) 2 1 4 3

(B) 1 2 3 4

(C) 2 3 4 1

(D) 3 1 2 4

3. शिक्षक की प्रभाविता का निर्धारण करने के लिए निम्नलिखित में से अधिगमकर्ता सम्बन्धी तथ्य कौन-से हैं?

1. अधिगमकर्ताओं की कार्य-संगत सक्षमताएँ

2. शिक्षक की विषय-वस्तु पारंगतता

3. शिक्षण पद्धतियों का विकल्प

4. कक्षा की संरचना

5. विद्यार्थियों की तत्परता

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें

(A) 2 और 3

(B) 1 और 5

(C) 4 और 5

(D) 2 और 5

4. कॉलेजों में शिक्षण अधिगम प्रणाली को प्रभावी बनाने लिए निम्नलिखित में से कौन-सी अनुदेशात्मक रणनी यथोचित होगी?

1. व्याख्यान कार्य को कम्प्यूटर के माध्यम से पुनस्थपित करना।

2. विद्यार्थियों के तत्परता स्तर के सन्दर्भ में कर सकता है (कैन डु) / कर लेगा (विल डु) के अनुसार शिक्षण अनुकूल बनाना।

3. कक्षा में बायोमेट्रिक आधारित उपस्थिति की शुरुआत करना।

4. अधिगमकर्ताओं की आवश्यकता के अनुसार शिक्षण पद्धतियों को बहुविध बनाना।

5. उपलब्धियों का उत्तरदायित्व देकर तथा अभिज्ञान देकर विद्यार्थियों को संलिप्त करना।

निम्नलिखित विकल्पों में सही उत्तर का चयन करें

(A) 2, 4 और 5

(B) 1, 2 और 3

(C) 2, 3 और 4

(D) 3, 4 और 5

5. निर्माणात्मक मूल्यांकन की क्षमता में सुधार के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा शोध स्वरूप यथोचित होगा?

(A) मौलिक शोध

(B) व्यवहृत शोध

(C) क्रियात्मक शोध

(D) नृजातीय शोध

6. नीचे दो सेट दिए गए हैं, सेट I में शोध में प्रयुक्त कुछ शब्द दिए गए हैं और सेट II में उनकी व्याख्या दी गई है। दोनों सेटों का सुमेलन कीजिए

| सेट I (शोध में प्रयुक्त शब्द) | सेट II (व्याख्या) |
|---|---|
| A. अभिधारणा | 1. इससे प्राप्त परिणाम किसी विशिष्ट दिशा में परिवर्तित होते हैं। |
| B. निर्मिति | 2. इससे संख्यात्मकता या गुणात्मकता में परिवर्तन हो सकता है। |
| C. चर | 3. यह प्रत्यक्ष साक्ष्य की कमी के कारण माने गए सिद्धान्त का विवरण है। |
| D. व्यवस्थित त्रुटि | 4. यद्यपि यह प्रत्यक्ष रूप से अवलोकनीय नहीं है तथापि यह अस्तित्व में होता है। |

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें

A B C D

(A) 1 2 3 4

(B) 3 4 2 1

(C) 2 1 3 4

(D) 4 3 1 2

7. विश्वविद्यालय के एक शिक्षक ने शोध अध्ययन किया, जिसमें विद्यार्थियों के परिवार और उनके आवास के सामाजिक-आर्थिक स्तरों (SES) के अनुसार उनकी सहभागिता के स्तर पर प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए व्याख्यान सह-निदर्शन पद्धति का प्रयोग किया गया। इस अध्ययन में किस चर को स्वतन्त्र चर कहा जाएगा?

(A) व्याख्यान-सह प्रदर्शन पद्धति

(B) विद्यार्थियों का सहभागिता स्तर

(C) उनके परिवार का सामाजिक-आर्थिक स्तर (SES)

(D) परिवार का आवास

8. जब कोई शोधकर्ता 'अपने अध्ययन में' निराकरणीय परिकल्पना ($H_0$) को निरस्त कर देता है और वैकल्पिक परिकल्पना ($H_1$) को स्वीकार करता है, तो इसमें किस प्रकार की त्रुटि की सम्भावना हो सकती है?

(A) टाइप I त्रुटि

(B) टाइप II त्रुटि

(C) दोनों टाइप I और II की त्रुटि

(D) न तो टाइप I और न टाइप II की त्रुटि

9. किस शोध अभिकल्प (डिजाइन) में चर को नियन्त्रण करने की अपेक्षा 'चयनित किया जाता है?

(A) प्रायोगिक शोध अभिकल्प

(B) ऐतिहासिक शोध अभिकल्प

(C) कार्योत्तर शोध अभिकल्प

(D) वर्णनात्मक सर्वेक्षण शोध अभिकल्प

10. शोध में आईसीटी के गलत प्रयोग का उदाहरण है

(A) शोधकर्ता की ओर से तकनीकी चूक

(B) आईसीटी संसाधनों का अपर्याप्त प्रावधान

(C) शोध नैतिकता का उल्लंघन

(D) आईसीटी संसाधनों की तकनीकी विशेषज्ञता का अभाव

11. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) कहा गया है

अभिकथन (A) शिक्षक को छात्रों के साथ निर्धारित दायरे के परे जाकर सम्प्रेषण करना चाहिए।

तर्क (R) अशाब्दिक संकेत निश्चित रूप से शिक्षक के अभिप्राय को सम्प्रेषित करते हैं।

उपरोक्त दोनों कथनों के सन्दर्भ में सही विकल्प चुनिए

(A) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है

(B) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या नहीं है

(C) A सही है, लेकिन R गलत है

(D) A गलत है, लेकिन R सही है।

12. कक्षा के अन्दर सफल सम्प्रेषण किस पर निर्भर करता हिया

1. विषय का विस्तृत और लम्बा वर्णन ।

2. 'थीम' का वर्णन करना।

3. प्रभावी शब्दों और वाक्यांशों का उपयोग।

4. प्रस्तुत की गई व्याख्या में स्पष्टता ।

5. पुनरावृत्तिक आख्यान (एनकडोट्स) ।

6. सन्देश की असंरचित प्रदायगी।

सही विकल्प चुनिए

(A) 1, 2 और 3

(B) 2, 3 और 4

(C) 3, 4 और 5

(D) 4, 5 और 6

13. यदि शिक्षक अपने छात्रों को गलत रूप से संसूचित मानता है, तो उस शिक्षक व्यवहार को किस रूप में वर्णित किया जाएगा?

(A) एकाग्रता

(B) उदार दृष्टि वाला

(C) बहुल अज्ञानता

(D) परम्परागत संकेतन

14. जब कक्षा में सम्प्रेषण में चक्रीयता होती है, तो शिक्षक संकेतक क्या होगा?

(A) सक्रिय विसंकेतक (डिकोडर)

(B) निष्क्रिय प्रेक्षक

(C) नकारात्मक आग्राहक (रिसीवर)

(D) अशांत कोडक (कोडर)

15. सम्प्रेषण आमतौर से किसके साथ प्रारम्भ होता है?

(A) भ्रामक विचार

(B) अर्थविषयक ध्वनि

(C) आशंका

(D) मन-मस्तिष्क में चित्र

16. 'गति' का 'दौड़ने' से वही सम्बन्ध है जो 'भावना' का

(A) उम्र से

(B) महसूस होने से

(C) दिल से

(D) आनन्द लेने से

17. दिए गए अक्षर क्रम में लुप्त अक्षर क्या है?

BCE, CDG, DEI, ......., FGM

(A) EFK

(B) EGJ

(C) EFH

(D) EGH

18. यदि UGCNET = 35, तो CSIRNET = ?

(A) 42

(B) 43

(C) 44

(D) 45

19. कोई राशि चक्रवृद्धि ब्याज के साथ 2 वर्षों में ₹400 और 3 वर्षों में ₹ 500 हो जाती है, तो वह राशि क्या है?

(A) ₹290

(B) ₹256

(C) ₹302

(D) ₹308

20. एक धनात्मक पूर्णांक का 20 गुणा उसके वर्ग से 96 कम है। पूर्णांक क्या है?

(A) 24

(B) 20

(C) 30

(D) 14

21. "ग्रह बड़े होते हैं। अतः जिन परमाणुओं से ग्रहों का निर्माण होता है, वे बड़े होते हैं।" इस अनुमान में किस प्रकार का दोष है?

(A) विभक्ति दोष

(B) द्वियर्थक दोष

(C) अनेकार्थक दोष

(D) ऐड पॉपुलम

22. "कुछ शिक्षक कर्त्तव्यनिष्ठ नहीं होते हैं" किस श्रेणी के तर्कवाक्य का उदाहरण है?

(A) सार्वभौम निषेध

(B) सार्वभौम विधेय (सकारात्मक)

(C) विशेष विधेय (सकारात्मक)

(D) विशेष निषेध (नकारात्मक)

23. "कुछ पुरुष विवाहित नहीं होते हैं" इस वाक्य के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से क्या सही है?

(A) उद्देश्य वितरित है

(B) विधेय वितरित है

(C) उद्देश्य और विधेय दोनों वितरित हैं

(D) उद्देश्य और विधेय दोनों वितरित नहीं हैं

24. भारतीय शास्त्रीय तर्कशास्त्र सम्प्रदाय के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा ज्ञानेन्द्रिय नहीं है?

(A) मनस

(B) सविकल्पक

(C) चक्षु

(D) श्रोत्र

25. "क्या आपने झूठ बोलना छोड़ दिया है?" इस प्रकार के प्रश्न में किस प्रकार का दोष है?

(A) छल प्रश्न दोष

(B) द्वियर्थक दोष

(C) अनेकार्थक दोष

(D) उपलक्षण दोष / उपाधि दोष

प्रश्न संख्या 26-30 निम्नलिखित तालिका में पाँच विद्यालयों (A-E) में नामांकन प्राप्त कुल विद्यार्थियों और छात्राओं की प्रतिशतता दी गई है। विद्यार्थियों की कुल संख्या 4500 है, जबकि छात्राओं की कुल संख्या 2000 है, तालिका के आँकड़ों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों (26-30) के उत्तर दीजिए

पाँच विद्यालयों में छात्रों और छात्राओं की कुल संख्या की प्रतिशतता

| विद्यालय का नाम | नामांकित कुल विद्यार्थियों की (%) प्रतिशतता | नामांकित कुल विद्यार्थियों (%) प्रतिशतता |
|---|---|---|
| A | 20% | 15% |

| | | |
|---|---|---|
| B | 30% | 35% |
| C | 25% | 12% |
| D | 15% | 25% |
| E | 10% | 13% |

26. A और B दोनों विद्यालयों में नामांकित छात्राओं की कुल संख्या है

(A) 740

(B) 760

(C) 940

(D) 1000

27. C, D और B विद्यालयों में नामांकन प्राप्त छात्रों की कुल संख्या है

(A) 965

(B) 1250

(C) 1021

(D) 1325

28. B, C और D विद्यालयों में नामांकित छात्राओं की संख्या विद्यालयों में कुल छात्रों की संख्या का कितना प्रतिशत है

(A) 30%

(B) 31%

(C) 32%

(D) 33%

29. B विद्यालय में नामांकित छात्राओं की संख्या और D विद्यालय में नामांकित छात्रों की संख्या का अनुपात है

(A) 1 : 4

(B) 4 : 1

(C) 1 : 3

(D) 3 : 1

30. यदि C विद्यालय में नामांकित 10% छात्राएँ अपना विद्यालय बदलकर E विद्यालय में नामांकन कराती हैं, तो E विद्यालय में नामांकित छात्राओं की कुल संख्या कितनी है?

(A) 214

(B) 234

(C) 274

(D) 284

31. 5 द्विअंकी कूट से 0 और 1 के कितने विशिष्ट युग्म बनाए जा सकते हैं?

(A) 16

(B) 32

(C) 64

(D) 128

32. जिस प्रक्रिया में अवैध वेबसाइट विशिष्ट वैध वेबसाइट होने का स्वांग करता है, उसे निम्नलिखित में से कितनी संज्ञा दी जाती है?

(A) स्निफिंग

(B) स्पूफिंग

(C) बैकडोर्स

(D) वार डायलिंग

33. की-बोर्ड के किस 'की' को उपान्तरिक की संज्ञा (मोडिफायर की) दी जाती है?

1. कण्ट्रोल

2. शिफ्ट

3. इन्ड

4. अल्ट

सही विकल्प चुनिए

(A) 1, 2 और 3

(B) 1.2 और 4

(C) 1, 3 और 4

(D) 2, 3 और 4

34. ई-गवर्नेस का एक पहलू सरकार और नागरिकों के मध्य सूचना के प्रवाह से सम्बन्धित है।

निम्नलिखित में से क्या-क्या सरकार से नागरिक (जी 2सी) की ओर पहल है?

1. ई-हेल्प

3. ई-टेंडरिंग

2. ई- हेल्थ

4. फीडबैक

सही विकल्प चुनिए

(A) 1 और 2

(B) 3 और 4

(C) 2 और 4

(D) 2 और 3

35. निम्नलिखित में से किन-किन पोर्टल में 'ऑन-लाइन' पाठ्यक्रमों की सूची शामिल है?

1. एरिया गाँव. इन (ariia.gov.in)

2. स्वयम गाँव. इन (swayam.gov.in)

3. मिक. एसी. इन (mic.ac.in)

4. एनपीटीइल. एसी. इन (nptel.ac.in)

सही विकल्प चुनिए

(A) 1 और 3

(B) 1 और

(C) 2 और 3

(D) 2 और 4

36. सम्पोषणीय विकास लक्ष्य- 'जल के नीचे जीवन' का किसके संरक्षण एवं सम्पोषणीय अनुप्रयोग हेतु अपेक्षित है

(A) भूगर्भीय जल संसाधन

(B) नदियाँ, झरने, तालाब और झील संसाधन

(C) महासागर, समुद्र और समुद्रीय संसाधन

(D) दलदली भूमि (वैटलैंड) संसाधन

37. निम्नलिखित सूची से क्योटो सन्धि (प्रोटोकॉल) में सम्मिलित ग्रीन हाऊस गैसों की पहचान कीजिए

1. कार्बन डाइऑक्साइड

2. मीथेन

3. नाइट्रस ऑक्साइड

4. हाइड्रो फ्लूरोकार्बन

5. परफ्लूरोकार्बन

6. सल्फर हेक्साफ्लोराइड

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए

(A) 1, 2, 4 और 5

(B) 1, 4, 5 और 6

(C) 2, 4, 5 और 6

(D) 1, 2, 3, 4, 5 और 6

38. पेरिस समझौते के अन्तर्गत जलवायु परिवर्तन सम्बन्धी वचनबद्धता में वैश्विक तापन को 2°C से नीचे सीमित रखने के लिए ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन में कितनी भिन्नीय कटौती शामिल हैं?

(A) 1/3

(B) 2/3

(C) 1/2

(D) 3/4

39. मानव स्वास्थ्य पर ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव किससे विनियमित होता है?

1. ध्वनि की तीव्रता

2. ध्वनि की कालावधि

3. व्यक्ति की सामाजिक-आर्थिक हैसियत

4. मानव कान की संवेदनशीलता

5. ध्वनि की आवृत्ति रेंज

नीचे दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनिए

(A) केवल 1, 2, 4 और 5

(B) केवल 1, 2 और 3

(C) केवल 1, 3, 4 और 5

(D) 1, 2, 3, 4 और 5

40. ध्रुवीय समतापमण्डलीय (स्ट्राटोस्फेरिक) बादल निम्नलिखित में से किस पर्यावरणीय मामले में सम्बद्ध है।

(A) आकस्मिक बाढ

(B) अम्लीय वर्षा

(C) ओजोन परत नि:शेषण

(D) फोटो - रासायनिक धूम - कोहरा

41. प्राचीन भारत के विश्वविद्यालयों में शिक्षण पर सर्वश्रेष्ठ अध्यापकों के बोर्ड का नियन्त्रण था। निम्नलिखित में से किस विश्वविद्यालय का कार्य विक्रमशिला विश्वविद्यालय के बोर्ड के प्रशासनाधीन था?

(A) जगदला विश्वविद्यालय

(B) वल्लभी विश्वविद्यालय

(C) नालन्दा विश्वविद्यालय

(D) ओन्दतपुरी विश्वविद्यालय

42. नीति संगत क्षेत्रों में शोध के लिए निम्नलिखित में से किस संगठन को 'इम्प्रेस' पहल सौंपा गया है?

(A) आई आई ए एस

(B) आई सी एस एस आर

(C) आई सी पी आर

(D) आई सी एच आर

43. निम्नलिखित में से जीवन और चिन्तन के मूलभूत विचार और समस्याओं की उन्मुक्त और सृजनात्मक उत्सुकता के निमित्त आवासीय केन्द्र कौन-सा है?

(A) डा. जाकिर हुसैन मेमोरियल कॉलेज ट्रस्ट

(B) श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ

(C) इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ एडवान्स्ड स्टडी

(D) नेशनल असेसमेण्ट एण्ड एक्रेडिटेशन काउंसिल

44. विद्यार्थी की कल्पना और उसकी पहल को शामिल किए जाने का महत्त्व निम्नलिखित में से किसमें है?

(A) शिक्षण की व्यष्टि विधि

(B) अवधारणा-प्रतिचित्रण

(C) समकक्षीय अनुदेशन

(D) क्विज

45. किसी देश की कुशल जनशक्ति, उत्पादकता और लोगों के जीवन की गुणवत्ता पर केन्द्रित मानव संसाधन विकास में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र पर बल दिया जाता है?

(A) व्यावसायिक शिक्षा

(B) औपचारिक शिक्षा

(C) जीवनपर्यन्त शिक्षा

(D) तकनीकी शिक्षा

46. उदारवादी लोकतन्त्र का उद्देश्य क्या है?

(A) लोकप्रिय मत की अनदेखी करने के लिए तन्त्र प्रदान करन

(B) व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा

(C) राजनीतिक व्यवस्था को समझना

(D) प्रतिनिधिकता से ध्यान हटाना

47. लोकतन्त्र का अधिक लाभकारी आंकलन क्या होगा?

(A) अधिकारों को राजनीतिक व्यवहार मानना

(B) अवधारणा के ऐतिहासिक अर्थों से बचना

(C) सद्गुणों पर जोर देना

(D) लोकतन्त्र के अवधारणात्मक रूपों की जाँच करना

48. अधिकारों का प्रबन्ध किस पर केन्द्रित है?

(A) निर्वाचन प्रक्रियाओं पर

(B) मनमानी स्वतन्त्रता पर

(C) तर्कसंगत राजनीतिक आचरण पर

(D) सत्ता के नए पुजारियों पर

49. जन प्रतिनिधियों से क्या अपेक्षा थी?

(A) निजी लाभों के लिए सत्ता का प्रयोग

(B) सामान्य नागरिकों जैसे व्यवहार करना

(C) सत्ता की राजनीति में कुशल बनना

(D) सद्गुण के प्रतिनिधित्व को सुरक्षित करना

50. अनुच्छेद के लेखक के अनुसार आधुनिक गणराज्य को

(A) लोगों पर सत्ता का प्रयोग करना चाहिए

(B) सत्ता और भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाना चाहिए

(C) स्वयं को प्राचीन लोकतन्त्र की त्रुटियों से मुक्त करना चाहिए

(D) नए राज्यों की संस्थाओं का अनुकरण करना चाहिए

## संभावित उत्तर

| Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. | Que. | Ans. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | D | 11 | B | 21 | A | 31 | B | 41 | C |
| 2 | C | 12 | B | 22 | D | 32 | B | 42 | B |
| 3 | B | 13 | C | 23 | B | 33 | B | 43 | C |
| 4 | A | 14 | A | 24 | B | 34 | A | 44 | A |
| 5 | C | 15 | D | 25 | A | 35 | D | 45 | D |
| 6 | B | 16 | B | 26 | D | 36 | C | 46 | B |
| 7 | A | 17 | A | 27 | B | 37 | D | 47 | A |
| 8 | A | 18 | C | 28 | C | 38 | A | 48 | C |
| 9 | C | 19 | B | 29 | B | 39 | A | 49 | D |
| 10 | D | 20 | A | 30 | D | 40 | C | 50 | C |